# Meta की सर्विस और टूल्स, अलग-अलग उम्र के लोगों को अलग-अलग अनुभव कैसे देते हैं

Meta में, हम प्राइवेसी और सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही अपनी टेक्नोलॉजी तैयार करते हैं. हमारे सभी काम, रिसर्च के साथ-साथ माता-पिता, टीएनजर बच्चों और एक्सपर्ट से मिलने वाले खास फ़ीडबैक, बच्चों के अधिकारों से जुड़े संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों और दुनिया भर में लागू होने वाले नियमों पर आधारित होते हैं.

माता-पिता और अभिभावकों के लिए अपने टीनएजर बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नज़र रखना आसान बनाने के लिए हम खुद आगे बढ़कर कानून निर्माताओं और इंडस्ट्री के एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर काम करते रहे हैं. हम संघीय कानून का समर्थन करते हैं जो माता-पिता की मंज़ूरी, माता-पिता को दिए गए कंट्रोल, उम्र का वेरिफ़िकेशन और उम्र के हिसाब से उचित कंटेंट जैसे क्षेत्रों में नियमों का पालन करने के मामले में सभी ऐप्स के लिए स्टैंडर्ड तय करता है, जिससे माता-पिता के पास कंट्रोल ज़्यादा होगा और यूज़र की प्राइवेसी सुरक्षित रहेगी. युवाओं के लिए बनी पॉलिसी से जुड़े हमारे सिद्धांतों के बारे में और जानकारी पढ़ें.

यहाँ ऐसे रिसोर्स और टूल बताए गए हैं, जिन्हें हमने यह पक्का करने के लिए डेवलप किया है कि टीनएजर बच्चे और युवा अपने लिए मायने रखने वाले लोगों के साथ समय बिताते हुए और अपनी दिलचस्पियों के साथ-साथ अपनी विशेषताओं को समझते हुए सुरक्षित और उम्र के हिसाब से उचित अनुभव का मज़ा लें.

## माता-पिता की निगरानी

### फ़ैमिली सेंटर

हमने Meta टेक्नोलॉजी में निगरानी से जुड़े टूल्स को एक्सेस करने के लिए एक सेंट्रल लोकेशन और साथ ही युवाओं और सुरक्षा, प्राइवेसी और अच्छी सेहत से जुड़े प्रमुख एक्सपर्ट की ओर से माता-पिता और गार्जियन के लिए एजुकेशनल रिसोर्स भी लॉन्च किए हैं. जब माता/पिता और टीनएजर बच्चा, दोनों ही निगरानी सेट करने के लिए सहमत हों, तो माता-पिता Facebook, Messenger, Instagram पर और VR में अपने टीनएजर बच्चे के अनुभव की निगरानी करने में मदद कर सकते हैं.

### निगरानी से जुड़े टूल

इन टूल की मदद से माता-पिता और गार्जियन, Meta टेक्नोलॉजी पर अपने टीनएजर बच्चे के बिताए जाने वाले समय की निगरानी कर सकते हैं और उसे मैनेज कर सकते हैं, उनकी फ़ॉलोइंग और फ़ॉलोअर की लिस्ट देख सकते हैं, टीनएजर बच्चे की सुरक्षा और प्राइवेसी से जुड़ी डिफ़ॉल्ट सेटिंग को बदलने के लिए उनकी ओर से की गई रिक्वेस्ट को मंज़ूर या नामंज़ूर कर सकते हैं, फ़ाइल की गई उन रिपोर्ट की इनसाइट पा सकते हैं, जिन्हें उनके टीनएजर बच्चे ने शेयर करना चुना है, आदि. Meta Quest डिवाइस पर माता-पिता और अभिभावक VR में बिताया गया समय देख सकते हैं. इसके अलावा, वे खरीदारियों और डाउनलोड से जुड़े नोटिफ़िकेशन पाने के साथ-साथ ऐप्स और सोशल फ़ीचर्स को ब्लॉक भी कर सकते हैं. माता-पिता, Meta Horizon Worlds में माता-पिता की निगरानी (फ़िलहाल अमेरिका और कनाडा में उपलब्ध) की सुविधा को भी सेट कर सकते हैं. इससे वे अन्य कंट्रोल के साथ-साथ अपने टीनएजर बच्चे के अकाउंट की कई अलग-अलग सेटिंग देख सकते हैं और उन्हें एडजस्ट कर सकते हैं.

## टीनएजर बच्चों के लिए सुरक्षा के साधन

### मैसेजिंग से जुड़े प्रतिबंध

हम 19 साल से ज़्यादा की उम्र वाले ऐसे वयस्कों की ओर से होने वाले अनचाहे संपर्क को प्रतिबंधित करते हैं, जिन्हें टीनएजर बच्चे फ़ॉलो नहीं करते हैं या जो Facebook और Instagram पर डिफ़ॉल्ट रूप से उनके संपर्कों में होते हैं.

### कंटेंट संबंधी कंट्रोल और पॉलिसी

संवेदनशील कंटेंट से जुड़े हमारे कंट्रोल से यूज़र्स यह कंट्रोल कर पाते हैं कि सर्च, एक्सप्लोर, हैशटैग पेज, Reels, फ़ीड के सुझाव और सुझाए गए अकाउंट में कितना संवेदनशील कंटेंट या अकाउंट दिखाई देगा. अब, सभी टीनएजर बच्चों को डिफ़ॉल्ट रूप से सबसे प्रतिबंधित सेटिंग मिलेगी, जिससे वह कंटेंट सीमित हो जाता है, जो शायद उनकी उम्र के हिसाब से उचित नहीं होता है. हम Facebook और Instagram पर किसी संवेदनशील कंटेंट को भी छिपा देंगे, भले ही उसे उनके दोस्तों ने या उनके फ़ॉलो किए जाने वाले लोगों ने शेयर किया हो.

### हमारी पॉलिसी और गाइडलाइन

हमारे कम्युनिटी स्टैंडर्ड और कम्युनिटी गाइडलाइन के तहत, हम ऐसा कंटेंट हटा देते हैं जो हमारी पॉलिसी का उल्लंघन करता है. साथ ही, हम पूरी कोशिश करते हैं कि टीनएजर बच्चों को ऐसे अकाउंट और कंटेंट न मिलें जो हमारी सुझाव देने की गाइडलाइन के विरुद्ध होते हैं.

## उम्र का वेरिफ़िकेशन और पहचान

### उम्र वेरिफ़ाई करने के टूल

अपनी सुविधा के हिसाब से उपयोग किए जाने वाले और प्राइवेसी को सुरक्षित रखने वाले हमारे उम्र वेरिफ़ाई करने के टूल्स की मदद से हम Instagram पर मौजूद लोगों को उम्र के हिसाब से उचित अनुभव दे पाते हैं.

### AI का उपयोग करके पहचान करना कि कोई व्यक्ति वयस्क है या टीनएजर बच्चा

AI से हमें किसी व्यक्ति की उम्र का बेहतर अनुमान लगाने में मदद मिलती है. इसके उपयोग से यह पक्का करने में भी मदद मिलती है कि टीनएजर बच्चों को उम्र के हिसाब से उचित अनुभव दिया जा रहा है. इसमें टीनएजर बच्चों को Facebook डेटिंग को एक्सेस करने या अज्ञात वयस्कों के मैसेज पाने से रोकना शामिल है.

© 2024 Meta

## प्राइवेसी

### टीनएजर बच्चों के लिए डिफ़ॉल्ट रूप से प्राइवेसी सेटिंग

जब वे Facebook और Instagram का पहली बार उपयोग करते हैं, तो 16 साल और उससे कम उम्र (या कुछ देशों में 18 साल) के टीनएजर बच्चों के डिफ़ॉल्ट रूप से प्राइवेट अकाउंट और दूसरी प्राइवेट सेटिंग होती हैं.

### टीनएजर बच्चों के कंटेंट को प्राइवेट रखना

जब टीनएजर बच्चे पहली बार Instagram का उपयोग करते हैं, तो हम डिफ़ॉल्ट रूप से लोगों के लिए ऐसे टीनएजर बच्चों को टैग या मेंशन करने की योग्यता को बंद कर देते हैं, जो उन्हें फ़ॉलो नहीं करते हैं या उनके कंटेंट को Reels पर रिमिक्स या गाइड में शामिल करने की योग्यता को भी बंद कर देते हैं.

### टीनएजर बच्चों के लिए प्राइवेसी और पारदर्शिता से जुड़े रिसोर्स

हमने टीनएजर बच्चों के लिए Facebook, Messenger, Instagram और Meta Quest में प्राइवेसी सेटिंग, डिफ़ॉल्ट और फ़ीचर के बारे में और जानकारी वाला एक खास प्राइवेसी रिसोर्स पेज बनाया है.

## टीनएजर बच्चों के लिए टूल्स

### ब्रेक लें

Facebook और Instagram पर मौजूद टीनएजर बच्चे ब्रेक रिमाइंडर चालू कर सकते हैं, जिनमें सोशल मीडिया से कुछ समय के लिए ब्रेक लेने के बारे में एक्सपर्ट के सुझाव दिए जाते हैं.

### शांत मोड

शांत मोड की मदद से टीनएजर बच्चों के पास अब फ़ोकस करने के और ज़्यादा तरीके हैं और वे Instagram पर बेहतर सीमाएँ सेट कर सकते हैं. इस मोड में नोटिफ़िकेशन म्यूट हो जाते हैं, ऐप डार्क मोड में चला जाता है और अगर कोई व्यक्ति आपको मैसेज भेजता है, तो यह उन्हें ऑटोमेटिक तरीके से जवाब भेजता है.

### विषय स्विच करने के लिए नज

टीनएजर बच्चों को Instagram पर नोटिफ़िकेशन मिलते हैं, जो उन्हें उस स्थिति में किसी अलग विषय पर स्विच करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, अगर वे एक्सप्लोर पर एक ही तरह का कंटेंट देख रहे होते हैं.

### प्रतिबंधित करें

टीनएजर बच्चे, प्रतिबंधित करें फ़ीचर की मदद से अपने अकाउंट को एक शांत या ज़्यादा सूक्ष्म तरीके से अनचाही इंटरैक्शन से सुरक्षित रख सकते हैं, ताकि उनकी पोस्ट पर किसी प्रतिबंधित व्यक्ति के कमेंट सिर्फ़ उस व्यक्ति को ही दिखाई दें.

### लाइक की संख्या छिपाना

लोगों के पास फ़ीड में सभी पोस्ट से लाइक की संख्या को छिपाने का विकल्प होता है, जिससे फ़ोकस शेयर की जा रहीं यादों पर होता है, न कि लाइक की संख्या पर.

## उम्र के हिसाब से उचित विज्ञापन

### टीनएजर बच्चों के लिए विज्ञापन टार्गेटिंग के विकल्पों को सीमित करना

उम्र और लोकेशन, टीनएजर बच्चों से जुड़ी वह एकमात्र जानकारी है, जिसका उपयोग हम उन्हें विज्ञापन दिखाने के लिए करेंगे.

### टीनएजर बच्चों को ज़्यादा कंट्रोल देना

विज्ञापन के विषय से जुड़े कंट्रोल की मदद से टीनएजर बच्चे, Facebook और Instagram पर उन्हें दिखाई देने वाले अलग-अलग विज्ञापनों को मैनेज कर सकते हैं.

### टीनएजर बच्चों के लिए विज्ञापन के विषयों को प्रतिबंधित करना

हम 18 साल (या कुछ देशों में इससे ज़्यादा) उम्र के लोगों को शराब, फ़ाइनेंशियल प्रोडक्ट और वज़न कम करने वाले प्रोडक्ट या सर्विस जैसे प्रतिबंधित विषयों से संबंधित विज्ञापन दिखाना प्रतिबंधित कर देते हैं.

## एजुकेशन और रिसोर्स

### फ़ैमिली सेंटर

हमारे फ़ैमिली सेंटर में भरोसेमंद एक्सपर्ट्स और संगठनों के रिसोर्स और सुझाव शामिल हैं, जिनसे Meta टेक्नोलॉजी पर आपके परिवार के अनुभव को सपोर्ट करने में मदद मिलती है. Instagram पर माता-पिता के लिए गाइड और Meta Quest पर माता-पिता के लिए रिसोर्स के ज़रिए माता-पिता इस बारे में और जानकारी पा सकते हैं कि हमारे टूल्स कैसे काम करते हैं.

### सुरक्षा केंद्र

हमारे सुरक्षा केंद्र में Meta टेक्नोलॉजी में सुरक्षा को लेकर हमारे दृष्टिकोण के बारे में बताने के साथ-साथ टीनएजर बच्चों और उनके माता-पिता सहित कम्युनिटी को सुरक्षित रखने और समर्थ बनाने के लिए हमारी बनाई गई पॉलिसी, टूल्स, पार्टनरशिप और रिसोर्स के बारे में बताया गया है.

© 2024 Meta

Meta